Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to implement Ayushman Bharat Yojana in West Bengal -laid.

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): मैं सरकार का ध्यान प्रधान मंत्री जी की अति महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत की ओर दिलाना चाहता हूँ। इस योजना के माध्यम से देश के गरीब लोगों में जीवन में स्वास्थ्य और खुशहाली आई है। महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी के विशेष प्रयास से इस देश में आयुष्मान भारत योजना संचालित हो रही है, जिसके तहत गरीबों को पांच लाख तक की चिकित्सा केन्द्र सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। किन्तु अत्यंत खेदपूर्वक बताना चाहता हूँ कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा इस योजना को अपने प्रदेश में लागू नहीं किया गया है। जिसके कारण पश्चिम बंगाल के करोड़ों गरीब इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं और समुचित इलाज के अभाव में लोग दम तोड़ देते हैं। मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि पश्चिम बंगाल में भी आयुष्मान भारत योजना के संचालित कराने के लिए यथोचित कार्यवाही की जाए।